प्रादेशिक समाचार

**दिनांक : 29.04.2024** **समय : 07.10pm**

आकाशवाणी

**मुख्य समाचार :–**

- लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए कल थमेगा प्रचार, सभी दलों ने झोकी ताकत।
- प्रदेष में मतगणना को लेकर तैयारियां जारी, उप निर्वाचन आयुक्त ने की समीक्षा।
- शहडोल जिले में निजी स्कूलों पर 28 लाख का जुर्माना, अभिभावकों को वापस करना होगी बड़ी हुई फीस।
- प्रदेष में भीषण गर्मी का दौर आज भी जारी, कल से मिल सकती है राहत।

..........................................................

## चुनाव प्रचार

लोकसभा चुनावों के सातवें और अंतिम चरण के लिए प्रचार कल शाम को थम जाएगा। इसके पहले राजनीतिक दल प्रचार के लिए अपनी पूरी ताकत झोक रहे हैं। प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने आज पश्चिम बंगाल के मथुरापुर में एक चुनावी रैली को संबोधितक किया उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में केंद्र सरकार ने 4 करोड़ गरीबों को पक्के घर मुहैया कराए हैं और 12 करोड़ से अधिक घरों में नल से पानी कनेक्शन पहुंचाया है। श्री मोदी ने ओडिषा के केन्द्रपाडा में भी एक सभा को संबोधित किया। बीजेपी के वरिष्ठ नेता अमित शाह उत्तरप्रदेष में प्रचार कर रहे हैं। उधर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने लुधियाना में आज एक रैली को संबोधित करते हुए किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य कार्यान्वित करने का वचन दिया और कहा कि किसानों के ऋण भी माफ कर दिये जाएंगे। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेष यादव ने आज उत्तरप्रदेष में प्रचार किया।

## मतगणना तैयारियां

भारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त, अजय भादू ने आज लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना की तैयारियों के संबंध में प्रदेश के सभी अधिकारियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग से चर्चा कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने एनआईसी इंदौर से इस वीसी से जुड़कर प्रदेश के सभी लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में मतगणना के लिये की गई तैयारियों एवं किये गये प्रबंधों की जानकारी दी। प्रदेश के सभी 29 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारी तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शामिल हुए। वीसी में उप निर्वाचन आयुक्त श्री भादू ने कहा कि मतगणना कार्य से जुड़ी सभी तैयारियां व जरूरी व्यवस्थाएं शीघ्र दुरूस्त कर ली जायें और बिना किसी बाधा के मतगणना कार्य संपन्न कराएं। मतगणना स्थल पर सभी जरूरी संसाधन एवं व्यवस्थाएँ उपलब्ध रहें। सभी मतगणना कर्मियों को 31 मई तक प्रशिक्षण दे दें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने सभी जिलों में 4 जून को होने वाली मतगणना को लेकर की जा रही तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## मतगणना तैयारी–जिला

प्रदेश में मतगणना को लेकर तैयारियों का दौर जारी है। **मंदसौर** में आज संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मनोज खत्री ने राजीव गांधी पीजी कॉलेज में स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का निरीक्षण किया । **नीमच** में मतगणना की सभी आवश्यक तैयारियां तत्काल पूरी करने के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश जैन ने दिए है। आज उन्होंने मतगणना केंद्र शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के परिसर एवं स्ट्रांग रूम परिसर का निरीक्षण किया। **अनूपपुर** मतगणना हेतु नियुक्त माइक्रो आब्जर्वर, मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं पोस्टल बैलट की सहायक रिटर्निंग अधिकारियों का प्रशिक्षण एकलव्य आदर्श आवासीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर में आयोजित हुआ। **गुना** में प्रथम चरण में आज पहली पाली में 156 मतगणना सुपरवाइजर और दूसरी पाली में 171 मतगणना सहायक तथा 165 माइक्रो ऑब्जरवर को प्रशिक्षण दिया गया दूसरे चरण का प्रशिक्षण 31 मई को होगा। इसी तरह **देवास** जिले में केंद्रीय विद्यालय बैंक नोट प्रेस परिसर में होने वाली मतगणना के संबंध में निर्वाचन अभिकर्ताओं तथा प्रत्याशियों की ओर से नियुक्त मतगणना

अभिकर्ताओं को जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। **शाजापुर** जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए नियुक्त किये गये मतगणना कर्मियों को आज जिला मुख्यालय स्थित शासकीय बीकेएसएन महाविद्यालय में प्रशिक्षण दिया गया।

**छिंदवाड़ा मुख्यमंत्री**

छिंदवाड़ा में परिवार के आठ लोगों की हत्या कर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिले के तामिया तहसील में थाना माहुलझिर के बोदल कछार गांव की है। परिवार के लोगों की हत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छिन्दवाड़ा में हुई घटना पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुख की इस घड़ी में मैं परिवार के साथ हूँ। राज्य शासन द्वारा पीड़ित परिवार की हर संभव सहायता की जाएगी। मुख्यमंत्री ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उईके को छिन्दवाड़ा जाकर पीड़ित परिजन से मिलने के निर्देश दिये हैं। उल्लेखनीय है कि प्रारंभिक जाँच में आरोपी मृत युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त बताया गया है। मुख्यमंत्री ने घटना की जाँच के निर्देश दिये हैं।

**निजी स्कूल**

प्रदेश में निजी स्कूलों द्वारा मनमानी फीस वसूलने को लेकर कार्रवाई जारी है। शहडोल जिले में 14 निजी स्कूलों पर 28 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इन स्कूलों के संचालकों को 30 दिन के अंदर अभिभावकों को बढ़ी हुई फीस वापस करने को कहा गया है। स्कूल संचालकों ने नियम विरुद्ध तरीके से स्कूल फीस में वृद्धि कर अभिभावकों से यह शुल्क वसूला था। इन स्कूलों में जिले के लगभग सभी बड़े स्कूल शामिल हैं। संचालकों को आदेश जारी कर कहा गया है कि साल 2022–23 से फीस वृद्धि कर संग्रहित की गई सम्पूर्ण राशि पालकों या अभिभावकों को 30 दिन के अंदर ऑन लाईन नेट बैंकिंग के माध्यम से वापस किया जाय। प्रत्येक स्कूल को 2 लाख रुपये जुर्माने की राशि लोक शिक्षण संचालनालय के खाते में जमा करना होगा।

**बरोदिया नोनागिर**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज सागर जिले के खुरई तहसील के बरोदिया नोनागिर के पीड़ित अहिरवार परिवार से मिलने पहुंचे। पिछले दिनों राजेंद्र अहिरवार और उनकी भतीजी अंजना अहिरवार की हादसे में मृत्यु हो गई थी। डॉ. यादव ने परिवार के बीच बैठकर चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पप्पू रजक के घर जाकर उनके परिवारजनों से भी मुलाकात की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बरोदिया नोनागिर की घटना पर दु:ख व्यक्त करते हुए कहा है कि ऐसी घटना न हो, यह हमारा प्रयास होगा। राज्य सरकार पीड़ित परिवार के साथ है। उन्होंने ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए यहां पर पुलिस चौकी खोलने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्व.राजेंद्र अहिरवार के परिवार को 8 लाख 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

**मौसम**

प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर आज भी जारी है । लेकिन कल से तापमान में कुछ गिरावट हो सकती है। भोपाल मौसम विज्ञान केन्द्र द्वारा सीधी, टीकमगढ़, ग्वालियर,दतिया, भिंड, मुरैना, सिंगरौली, रीवा, मउगंज, सतना, छतरपुर, निवाड़ी मैहर जिलों के लिए तीव्र लू का अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा भोपाल, शहडोल सहित 22 जिलों के लिए लू का यलो अलर्ट जारी किया गया है।
वरिष्ठ मौसम विशेषज्ञ अजय शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में पड़ोसी राज्य राजस्थान, गुजरात और उत्तर प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में हैं। इस बीच कल से एक नया पश्चिमी विक्षोभ भी सक्रिय होने जा रहा है। इस वजह से हवाओं का रुख बदलने की संभावना है। इस वजह से कल से अधिकतम तापमान में कुछ कमी आने की उम्मीद है। प्रदेष में सर्वाधिक तापमान छतरपुर के बीजावर में 48 दषमलव 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा निवाड़ी,दतिया, रीवा, खजुराहों में भी 48 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा। इन्दौर और भोपाल में आज कुछ राहत है। तापमान 40 डिग्री के आसपास बना रहा।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में :–**

- छतरपुर कलेक्टर के निर्देशन में जिले में राजस्व समस्याओं एवं प्रकरणों का तेजी से निराकरण गांवों में जाकर किया जा रहा है। आठ दिवसों में जिले के राजस्व अधिकारियों द्वारा तहसीलों में लंबित नामांतरण

के 1 हजार 614, सीमांकन के 803 एवं बंटवारा के 380 प्रकरणों का निराकरण किया है।

- ग्वालियर में बढ़ती हुई गर्मी को ध्यान में रखते हुए जिले में कोचिंग क्लासेस का संचालन ऑनलाइन अथवा जरूरी होने पर प्रात:काल में 6 बजे से 11 बजे तक करने के आदेश जिला कलेक्टर धारा-144 के तहत जारी किए है।
- नीमच में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में 7 जून से इलेक्ट्रीक मोटर रिवाईनडिंग एवं रिपेयर सर्विसेस
- प्रशिक्षण का निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ होने जा रहा है। जिसके रजिस्ट्रेशन प्रारंभ हो चुके है।
- प्रवेश पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा।